भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नईदिल्ली–110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष:+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 143/2020
दिनांक : 22 अक्टूबर , 2020

विषय :– 7 नवम्बर, 2020 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 70वें स्थापना दिवस समारोह के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

7 नवम्बर, 2020 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पूरे देश में स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त संगठन के रूप में 70वाँ वर्ष पूर्ण करने का समारोह मनाएगा। यह अवसर नवम्बर, 2000 में हमारे स्वर्ण जयंती समारोह के बाद से "ध्वज दिवस" के रूप में प्रसिद्ध हो गया है। "ध्वज दिवस" स्काउट्स/गाइड्स एवं उनके लीडर्स को यूनिट, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दृश्यता को एक उत्कृष्ट तरीके से चिन्हित करने तथा आन्दोलन की वृद्धि हेतु राजकीय नेताओं, नागरिक समाज, अभिभावकों एवं आम जनता तक पहुँच कर उनसे अधिक से अधिक सहयोग एवं समर्थन प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

जैसा कि आप सभी जानते है कि देश में कोविड–19 महामारी एवं सरकारी दिशा–निर्देशों तथा कोविड–19 प्रोटोकॉल के कारण इस वर्ष संगठन की दृश्यता को बढ़ावा देने हेतु हमारी ओर से संगठन के सदस्यों एवं आन्दोलन के शुभचिन्तकों को "ध्वज दिवस" स्टीकर प्रदान करना सम्भव नहीं है।

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत हम अपने सभी सदस्यों से **7 नवम्बर, 2020** को संगठन की दृश्यता को बढ़ावा देने हेतु आभासी रुप से अथवा घर से ही अभिनव गतिविधियाँ करते हुए "भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस" मनाने तथा उन्हें विभिन्न सोशल साइट्स पर साझा करने हेतु अपील करते है।

संगठन के प्रत्येक हम संगठन के प्रत्येक सदस्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 70वें स्थापना दिवस (07.10.2020) हेतु योगदान करने एवं आन्दोलन के अन्य शुभचिन्तकों को भी इस हेतु योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु अपील करते है। सदस्य के द्वारा किया गया योगदान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को इस कोविड–19 महामारी के समय में एक लम्बा रास्ता तय करने में सहायक होगा। कहावत है कि "पानी की छोटी बूँदें, एक शक्तिशाली महासागर बनाती हैं"।

70वें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस हेतु योगदान देने एवं संगठन को सहयोग करने हेतु एक गूगल लिंक विकसित किया गया है। दिए गए लिंक : https://forms.gle/NCw96n1hDTwDVt9B7 पर क्लिक करें।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे **"70वें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस, 07 नवम्बर 2020"** समारोह को आभासी रुप से/घर से मनाएं एवं संगठन की दृश्यता को बढ़ावा देने के लिए संगठन के सभी स्तरों के सदस्यों को अपनी गतिविधियों को सोशल साइट्स पर साझा करने हेतु प्रोत्साहित करें।

हम राज्य संघों से अपील करते है कि आन्दोलन के प्रत्येक हितधारक, अभिभावकों एवं शुभचिन्तकों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस हेतु एवं संगठन के समर्थन में एक छोटी सा फंड योगदान देने हेतु प्रेरित करें।

हम संगठन के समर्थन में आपके सहयोग एवं उदारता की सहृदय सराहना करते है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राजकुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।